DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विवि के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल,37 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 25 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि

विकसित भारत युवाओं के बूते संभवः गुरमीत

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने शुक्रवार को दून विवि के पांचवें दीक्षांत समारोह में 716 विद्यार्थियों को उपाधियां बांटी। इसके साथ ही, 37 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्र अपनी खासियत को पहचाने के साथ उसे अपनी विशेषज्ञता में ढालें। होनहार युवाओं के बूते विकसित भारत का सपना साकार होगा।

दून विवि के डॉ. नित्यानंद सभागार में इस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राज्यपाल गुरमीत सिंह, विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण डॉ. पी बलराम की मौजूदगी में वर्ष 2023 में उत्तीर्ण 398 स्नातक, 293 परास्नातक और 25 पीएचडी छात्रों को उपाधियां प्रदान की गई। कुलपति डॉ. सुरेखा डंगवाल ने इन छात्रों को हिंदी में शपथ दिलाई। संचालन प्रो. एचसी पुरोहित ने किया। इस मौके पर पद्मश्री डॉ. प्रीतम भरतवाण, पद्मश्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल, जागर गायिका पद्मश्री बसंती बिष्ट, पद्मश्री प्रेम शर्मा, रिटायर डीजीपी अनिल जोशी, विधायक मुन्ना चौहान, दून विवि के शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

देहरादून के केदारपुरम स्थित दून विवि में शुक्रवार को पांचवें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने छात्रों को डिग्रियां प्रदान कीं।

युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान

इस दौरान राज्यपाल ने दून विवि को नैक-ए ग्रेड मिलने पर बधाई देकर कहा कि वे उपाधि देते समय दीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों के चेहरे पर ऊर्जा और उत्साह देखकर अभिभूत हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि अपने जीवन को पैशन की तरह जियो। कुलपति डॉ. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि दून विवि ने 15 साल के सफर में अनेक उपलब्धियां हासिल कीं।

दीक्षांत समारोह का विषय रहा 'माटी'

इस साल दून विवि के दीक्षांत समारोह की विषय वस्तु 'माटी' रहा। इस कड़ी में आगामी महीनों में 'माटी' यानी धरती के संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्यपाल ने इस विषय की सराहना करते हुए 'अर्थ' और 'दिल' शब्द को आपस में जोड़ते हुए कहा कि पृथ्वी का संरक्षण दिल से करने की जरूरत है। मानव जाति ने मिट्टी से उसके तत्वों का जो दोहन किया है, इसलिए उसे भरपूर पोषण की जरूरत है।

07 सौ 16 छात्रों को प्रदान की गई डिग्रियां दीक्षांत समारोह में

03 सौ 98 छात्रों को स्नातक की डिग्रियां प्रदान की गई

इनको मिला गोल्ड मेडल

मैत्री रावत, कृतिका मेहरा, दिशा बिष्ट, पूजा वर्मा, आयुषि रावत, करन बिष्ट, अनिशा सैनी, सोनाली चौहान, वैष्णवी चौहान, प्रशांत बिष्ट, विनायक तिवारी, हर्ष कुमार, दिव्यांशी रावत, गौरी डंगवाल, आस्था नेगी, निधि गुसाई, श्रेया सेमवाल, मुस्कान नैब, अपेक्षा पंत, कंगना जायसवाल, देवाशीष कोटनाला, प्रत्यूष बड़थ्वाल, अनुष्का राणा, अनिरुद्ध थपलियाल, आयुष शर्मा, अंकुर पांथरी, अजय भूषण रावत, आकाश पाणिगृहि, मनिका, ज्योत्सना फुलोरिया, अर्पिता दास, सत्कार त्रिपाठी, यशस्वी डंगवाल, काजल नेगी, अनन्या पाठक, निधि गोविंद, श्वेता।

बेटियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षा मंत्री खुश

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दीक्षांत समारोह में बेटियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ये पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। सरकार उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, विवि-कॉलेजों में उत्कृष्ट शैक्षणिक, शोध कार्यों के लिए निरंतर अनुकूल वातावरण बना रही है। इससे पहले कुलसचिव दुर्गेश डिमरी ने अकादमिक शोभायात्रा की अगुवाई की। विशेष रूप से आमंत्रित पद्मभूषण डॉ. पी बलराम ने उच्च शिक्षा में आगे बढ़ रहे दून विवि की प्रशंसा की।

पूर्व विद्यार्थियों को मिला विशेष सम्मान

राज्यपाल ने दून विवि की पूर्व छात्रा मेधा अग्रवाल को रसायन शास्त्र, नेहा रावत को स्पैनिश स्टडीज, हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिलाष नैनवाल, 'मोरी डिजाइन फर्म' की फाउंडर पूजा सकलानी, पर्यावरण वैज्ञानिक एटीजी इंग्लैंड पूजा पंवार को 'डिस्टिंग्विशड एलुमिनाई ऑफ यूनिवर्सिटी से सम्मानित किया। स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन स्टडीज से सुमित शर्मा, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से ऋषभ उनियाल को प्रो. गजेंद्र सिंह ऑल राउंड बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड दिया गया।

Newspaper –Hindustan
Date– 28.12.2024